TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

# 2024

12 सितंबर 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

किसी व्यक्ति का मूल्यांकन उसके उत्तरों के बजाए उसके प्रश्नों से करें।

**वाल्टयेर**



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

Thursday

## 12 सितम्बर

1. **लॉर्ड कॉर्नवालिस भारत का गवर्नर जनरल बना–** 1786ई. में ईस्ट इंडिया कम्पनी ने लार्ड कार्नवालिस को पिट्स इंडिया एक्ट के तहत शांति स्थापना तथा शासन के पुनर्गठन हुतु गवर्नर जनरल नियुक्त कर भारत भेजा। लॉर्ड कार्नवालिस दो बार भारत के गर्वनर जनरल बनाए गये। वे पहली बार 1786–1793 ई. तक तथा दूसरी बार 1805 ई. में गवर्नर जनरल बनाये गये थे। कार्नवालिस को भारत में कार्य प्रणाली में सुधार लाने के लिए विशेष तौर पर जाना जाता है।




लॉर्ड कॉर्नवालिस

मधु प्रिया

# लॉर्ड कार्नवालिस बने भारत के गवर्नर जनरल 12 सितंबर



12 सितंबर 1786 को लॉर्ड कार्नवालिस को भारत का गवर्नर जनरल नियुक्त किया गया। लॉर्ड कार्नवालिस को शांति स्थापना और अंग्रेजी शासन के पुनर्गठन के लिए गवर्नर जनरल बनाया गया था। उनका पहला कार्यकाल 1786 से 1793 तक रहा। उनका दूसरा कार्यकाल 1805 तक था। हालांकि दूसरे कार्यकाल को पूरा करने से पहले ही उनकी मृत्यु हो गई। लॉर्ड कार्नवालिस को भारत में एक निर्माता और सुधारक के रूप में भी जाना जाता है। इसके साथ-साथ उन्हें सिविल सेवा के जनक के रूप में भी याद किया जाता है। उन्होंने न केवल अपने कार्यकाल में बहुत से प्रशासनिक सुधार किए बल्कि कलेक्टरों के अधिकार और उनके वेतन का भी निर्धारण किया। इसके अलावा पुलिस व्यवस्था को एक नया आयाम देने का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। इसलिए उन्हें पुलिस व्यवस्था का जनक भी कहा जाता है। 1790 से 1793 ई० में तृतीय मैसूर युद्ध कार्नवालिस के कार्यकाल में ही हुआ था। कार्नवालिस ने 1993 में कानून बनाया जिसे कार्नवालिस कोड के नाम से जाना जाता है। कार्नवालिस कोड में कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्तियों का विभाजन किया गया था। इसके अतिरिक्त उन्होंने फौजदारी कानून में परिवर्तन करते हुए 1797 में एक कानून पास किया जिसमें यह लिखा गया की हत्या करने वाले को भावना के आधार पर दंडित किया जाना चाहिए।प्रशासनिक व्यवस्था के सुधार हेतु उन्होंने अंग्रेजी मजिस्ट्रेट को पुलिस का भार दिया था। कार्नवालिस द्वारा किए गए बदलाव भारतीय इतिहास के पन्नों में आज भी दर्ज है। उनके द्वारा भूमि कर व्यवस्था में भी सुधार करते हुए सर जॉन शोर के सहयोग से एक नीति निर्धारण किया गया था, जिसमें भूमि पर अंतिम स्वामित्व जमींदारों के हक में था। 1793 में जमींदार को जमींदारी को लेकर कानून बनाया गया था जिसमें जमींदारों को भू राजस्व का 8/9 भाग ईस्ट इंडिया कंपनी को देना था। इस भू कर व्यवस्था को लेकर बाद में कुछ संशोधन भी किए गए। कार्नवालिस ने अपने कार्यकाल में व्यवस्थित तरीकों से प्रशासनिक कार्यों का निर्वाह किया था। इसके बाद 1805 में सिर्फ 67 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। गाजीपुर में कर्नवालिस का मकबरा है जिसे लाठ साहब के नाम से जाना जाता है।




**फ़ीरोज़ गाँधी** *Feroze Gandhi*, जन्म: 12 सितम्बर, 1912, मुम्बई; मृत्यु- 8 सितम्बर, 1960, दिल्ली) प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और लोकसभा के प्रभावशाली सदस्य थे। वे भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी के पति थे। अगस्त, 1942 में 'भारत छोड़ो आन्दोलन' में फ़ीरोज़ गाँधी कुछ समय तक भूमिगत रहने के बाद गिरफ़्तार कर लिए गए थे। रिहा होने के बाद 1946 में उन्होंने लखनऊ के दैनिक पत्र 'नेशनल हेराल्ड' के प्रबन्ध निर्देशक का पद सम्भाला।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 12.09.2024

## उपयोक्ता शिक्षा

उपयोक्ता शिक्षा एक व्यापक अवधारणा है। यह एक शैक्षिक गतिविधि है जो छात्रों में सूचना के मूल्य के बारे में जागरूकता पैदा करने से संबंधित है एवम् ग्रंथालय संसाधनों के उपयोग के लिए उन्हें प्रेरित कर के कक्षा शिक्षण की प्रतिपूर्ति करती है ।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



दुनिया के लगभग **90% विदेशी व्यापार** समुद्र के माध्यम से होते है। **चीन** दुनिया में माल का सबसे ज्यादा **एक्सपोर्ट** करता हे और दुनिया के **10 सबसे बड़े बंदरगाहों में से 7 बंदरगाह अकेले चाइना** के हैं।

स्रोत: दैनिक भास्कर




# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## पेरिस पैरालिम्पिक्स 2024

ब्रॉन्ज 13

| गेम | | प्लेयर |
|---|---|---|
| शूटिंग |  | मोना अग्रवाल |
| एथलेटिक्स |  | प्रीति पाल |
| शूटिंग |  | रुबीना फ्रांसिस |
| एथलेटिक्स |  | प्रीति पाल |
| बैडमिंटन |  | मनीषा रामदास |
| तीरंदाजी |  | शीतल देवी, रमेश कुमार |
| बैडमिंटन |  | निथ्या श्री सिवान |
| एथलेटिक्स |  | दीप्ति जीवांजी |
| एथलेटिक्स |  | मरियप्पन थंगावेलु |
| एथलेटिक्स |  | सुधीर गुर्जर |
| जूडो |  | कपिल परमार |
| शॉटपुट |  | होकातो सेमा |
| एथलेटिक्स |  | सिमरन |

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 456

### किस देश को गोरिल्लाओ का देश भी कहते हैं ?

A. ब्राजील

B. तुर्की

C. युगांडा

D. तंजानिया




www.teachersofbihar.org

भारत के पूर्व मंत्री एवं
हिमालय प्रदेश के
भूतपूर्व मुख्यमंत्री

# शांता कुमार

को जन्मदिन पर अशेष
मंगलकामनाएं।





12 सितंबर 1934

Madhu priya

www.teachersofbihar.org